हल्दीघाटी विजय समारोह की भव्य योजना के लिए समिति गठित

उदयपुर। महाराणा प्रताप की विजयगाथा को जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रताप गौरव केन्द्र, राष्ट्रीय तीर्थ पर हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतुः शती समारोह का शुभारंभ 18 जून को होगा। यह समारोह 1576 के ऐतिहासिक हल्दीघाटी युद्ध के 45०वें वर्ष के उपलक्ष्य में होगा, जो एक वर्ष तक देशभर में उत्साह, गौरव और राष्ट्र चेतना के साथ मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है।

समारोह के प्रथम सोपान का शुभारंभ 18 जून को हल्दीघाटी में राष्ट्र चेतना यज्ञ से होगा। यज्ञ के बाद सभा व इसके बाद महाप्रसादी होगी। उसी दिन हल्दीघाटी विजय संदेश यात्रा निकाली जाएगी, जो हल्दीघाटी से प्रारंभ होकर उदयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए प्रताप गौरव केन्द्र पहुंचेगी। इस गौरवयात्रा में हल्दीघाटी की माटी और विजय ध्वज को ससम्मान लाया जाएगा, जिनका नगर में जगह-जगह स्वागत और पूजन किया जाएगा। हल्दीघाटी विजय समारोह की व्यापक एवं गरिमामयी योजना को लेकर प्रताप गौरव केन्द्र में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समारोह के सुचारु संचालन, जनभागीदारी सुनिश्चित करने तथा समर्पित प्रयासों के माध्यम से राष्ट्र भक्ति व स्वाभिमान का संदेश जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से विभिन्न समितियों का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने की। आयोजन की जानकारी उपाध्यक्ष डॉ. चंद्रगुप्त सिंह चौहान तथा कार्यक्रम की योजना कोषाध्यक्ष अशोक पुरोहित ने रखी । समारोह के माध्यम से युवाओं को महाराणा प्रताप के त्याग, पराक्रम और आत्मसम्मान के संदेश से प्रेरित करना, उन्हें स्वदेश प्रेम और संस्कृति की रक्षा के लिए सजग बनाना, इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य रहेगा। बैठक में आकाश वागरेचा, दीपक शर्मा, प्रदीप रावानी, हुकम सिंह राणावत, सुरेंद्र सिंह बालोत, रणवीर सिंह जोलावास, जयदीप आमेटा, नरेन्द्र सिंह झाला, सूर्यप्रकाश सुहालका, सुनील पालीवाल, अक्षय मेहता, ज्ञानेन्द्र सिंह गहलोत, उमेश निमावत, ओमप्रकाश बारब आदि मौजूद रहे।

लेक्रोज खिलाड़ियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

उदयपुर । अहमदाबाद में हुई भीषण और अत्यंत दुःखद हवाई दुर्घटना में असमय काल कवलित हुए सभी दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु । अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय पदक विजेता लेक्रोज खिलाड़ियों ने महाराणा प्रताप खेल गांव में चल रहे। राज्य स्तरीय ग्रीष्मकालीन लेक्रोज प्रशिक्षण शिविर में एक शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राजस्थान लेक्रोज संघ के अध्यक्ष अशोक परनामी के अनुसार इस शोक सभा में सभी ने मौन रखकर दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी गहन संवेदना प्रकट की तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि वे शोक-संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में संबल एवं धैर्य प्रदान करें।

हरियाली का सपना लेकर साइकिल पर सवार सुबोध उदयपुर पहुंचे

उदयपुर। महाराष्ट्र के रोहा (रायगढ़) से इंडिया टू एवरेस्ट बेस कैम्प साइकिल यात्रा पर निकले पर्यावरण योद्धा, साहसी साइक्लिस्ट और प्रेरक वक्ता सुबोध विजय शुक्रवार को उदयपुर पहुंचे। सूचना केंद्र में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने अपने देशव्यापी अभियान के उद्देश्यों, अनुभवों और भावी योजनाओं को साझा किया।

सुबोध के उदयपुर पहुंचने पर अणुव्रत समिति के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। अणुव्रत समिति में आयोजित कार्यक्रम में सुबोध ने पर्यावरण संरक्षण तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया और देखो अपना देश अभियान पर चर्चा की। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सुबोध ने बताया कि उनकी यात्रा का मूल उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जनजागृति तथा युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करना है। इसके लिए देश के 28 राज्यों की साइकिल यात्रा के जरिए जन-जन तक पर्यावरण जागरूकता का संदेश पहुंचा रहे हैं तथा चेंज बिफॉर क्लाइमेट चेंज का आह्वान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 19 जून को रायगढ़ से यात्रा प्रारंभ की थी। अब तक भारत के 7 राज्यों का भ्रमण कर भरतपुर से राजस्थान से प्रवेश किया। अलवर, जयपुर, सीकर, फलौदी, बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, पाली होते हुए उदयपुर पहुंचे।

जिला स्तरीय संवादः बाल विवाह उन्मूलन के लिए प्रभावशाली पहल

उदयपुर। चाइल्ड फण्ड इंडिया एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह की रोकथाम हेतू एक दिवसीय जिता स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि जनप्रतिनिधि, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने हेतु समन्वित प्रयासों पर बल देना है। संवाद के दौरान बाल विवाह के कारणों, उसके सामाजिक और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्परिणामों तथा इससे निपटने के लिए नीति, कानून और योजनाओं पर चर्चा की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव कुलदीप शर्मा द्वारा उपस्थित ग्राम कोटडा झाडोल और गोगुन्दा के जनप्रतिनिधियों, संगठनों से चर्चा की। बाल विवाह के कानून के साथ शिक्षा द्वारा बदलाव पर जोर दिया और आव्हान किया कि जब तक स्वयं नहीं बदलेंगे समाज नहीं बदलेगा। पूर्व संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग शिवजी गौड ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है, जो न केवल बच्चों के भविष्य को अंधकारमय करता है, बल्कि समाज के समय विकास को भी बाधित करता है। उन्होंने अधिकारियों से आह्वान किया कि वे ग्राम स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाएं और बाल विवाह के मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। चाइल्ड फण्ड इंडिया के प्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय परियोजना स्वाभिमान के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रस्तुति दी और यह बताया कि किस प्रकार किशोरियों को जीवन कौशल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है।

प्रगत संगणन विकास केंद्र
CENTRE FOR DEVELOPMENT OF ADVANCED COMPUTING
Ministry of Electronics and Information Technology, Government of India

प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी), भारत सरकार के अधीन एक वैज्ञानिक संस्था है। यह संस्था निम्नलिखित गैर तकनीकी (ग्रुप 'ए' एवं ग्रुप 'ए' से नीचे) तथा ग्रुप 'ए' से नीचे के तकनीकी पदों के लिए सी-डैक केंद्रों में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है।

हमसे जुड़ें और सपने साकार करें !

करियर के अवसर :

गैर तकनीकी ग्रुप 'ए' पदः

पद	पदों की संख्या	लेवल
संयुक्त निदेशक (वित्त)	1	लेवल - 13
वरिष्ठ अधिकारी - वित्त/ मानव संसाधन विकास/ प्रशासन/क्रय/विपणन	8	लेवल - 11
मानव संसाधन विकास अधिकारी	2	लेवल - 10

गैर तकनीकी ग्रुप 'ए' से नीचे के पदः

पद	पदों की संख्या	लेवल
कार्यकारी – प्रशासन/वित्त/विधि/ मानव संसाधन विकास/क्रय	11	लेवल - 7
वरिष्ठ सहायक	17	लेवल - 6
सहायक	20	लेवल - 5
कनिष्ठ सहायक	7	लेवल - 4
परिचारक / चालक	4	लेवल - 2

तकनीकी ग्रुप 'ए' से नीचे के पदः

पद	पदों की संख्या	लेवल
वरिष्ठ तकनीकी सहायक	9	लेवल - 7
तकनीकी सहायक	15	लेवल - 6
सहायक स्टाफ सदस्य (सपोर्ट स्टाफ) - IV	7	लेवल - 5

आयु और आरक्षणः पदों के लिए लागू आयु, आयु में छूट तथा आरक्षण से संबंधित विवरण सी-डैक की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेखित हैं।

आवेदन शुल्कः उपरोक्त पदों के लिए आवेदन करने हेतु ₹1000/- का ग़ैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क इंटरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड के माध्यम से देय है। हालाँकि, एससी(अ.जा.)/एसटी(अ.ज.जा.)/दिव्यांग/महिला उम्मीदवारों से कोई आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा।

आवेदन कैसे करें: इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी हेतु सी-डैक की वेबसाइट www.cdac.in के "Careers" अनुभाग में जायें और ऑनलाइन आवेदन करें।

आवेदन की अंतिम तिथि: १४ जुलाई २०२५, रात्रि २३:५९ बजे तक।

cbc06132/12/0010/2526

Branding & Communication/CorpHR/C-DAC Pune 2025

ADVT.No.CORP/Grp.A&BGA/04/2025 DIRECTOR (HRD)

कार्यालय उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, उदयपुर, वृत्त - उदयपुर
(RHB Office Building पास रिफाह सेक्टर-11, उदयपुर - 313001)
Email- DHCUDPR.RHB@RAJASTHAN.GOV.IN

पत्र क्रमांकः- उप आ.आ./वृत्त-उदय/2025-26/183 दिनांकः- 13/06/2025

-: जाहिर आम सूचना (दौहरा रजिस्ट्री नामान्तरण):-

आवास संख्या A-419 आयवर्ग HIG माप 191.70 वर्ग मीटर योजना दक्षिण विस्तार आवासीय योजना – बलिचा शहर उदयपुर द्वारा श्री विशाल सिंह राघव पुत्र श्री महेन्द्र सिंह राघव को स्ववित्त पोषित योजना वर्ष-2010 के तहत् आवंटन पत्रांक 1126 दिनांक 29.10.2012 को आवास का आवंटन कर दिनांक 30.10.2012 को कब्जा दिया गया था। इस आवास का अदेय प्रमाण-पत्र 1222 दिनांक 09.11.2012 द्वारा श्री विशाल सिंह राघव पुत्र श्री महेन्द्र सिंह राघव को जारी किया गया एवं प्रथम रजिस्ट्री दिनांक 11.01.2013 को श्री विशाल सिंह राघव पुत्र श्री महेन्द्र सिंह राघव द्वारा अपने पक्ष में निष्पादित करवाई गई।

पंजीयन उपरान्त श्री विशाल सिंह राघव पुत्र श्री महेन्द्र सिंह राघव ने उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र (पंजीकृत) आलेखित कर दिनांक 22.11.2021 को श्रीमती भाविका पण्ड्या पत्नी श्री मुकेश कुमार पण्ड्या के पक्ष में किया गया। श्रीमती भाविका पण्ड्या पत्नी श्री मुकेश कुमार पण्ड्या को कार्यालय द्वारा पत्रांक 1309 दिनांक 25.02.2022 को नाम हस्तान्तरण कार्यालय आदेश जारी किया गया। तत्पश्चात् श्रीमती भाविका पण्ड्या पत्नी श्री मुकेश कुमार पण्ड्या ने पुनः उक्त आवास का बैचान विक्रय-पत्र (पंजीकृत) दिनांक 24.02.2025 द्वारा श्रीमती ज्योति टीमरवा पत्नी श्री संदीप टीमरवा को किया गया। श्रीमती ज्योति टीमरवा पत्नी श्री संदीप टीमरवा ने इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास को विक्रय पत्र (पंजीकृत) के आधार पर अपने नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया है।

श्रीमती ज्योति टीमरवा पत्नी श्री संदीप टीमरवा ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र मण्डल के निर्धारित प्रपत्रो में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त आवास को उनके नाम कर दिया जावें ।

अतः इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के अन्दर – अन्दर इस कार्यालय को सूचित करे अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या A- 419, दक्षिण विस्तार आवासीय योजना, उदयपुर का नामान्तरण श्रीमती ज्योति टीमरवा पत्नी श्री संदीप टीमरवा के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा ।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त - उदयपुर

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद,राजसमन्द

सं. 2407 दिनांकः 13/06/2025

लोक-सूचना

श्रीमती कौशल्या पारीक पत्नी श्री रामअवतार पारीक निवासी गोविन्द नगर हाऊसिंग बोर्ड राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	मोरचना	627/1	रकबा 0.1619 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 13/06/25को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द (राज.)
Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/तामिर/2025/7487 दिनांक : 12/06/2025

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम / पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री श्याम सुन्दर शर्मा पिता श्री मोती लाल शर्मा	सुखाडिया नगर नाथद्वारा भूखण्ड संख्या -03J	भूखण्ड संख्या-02J	भूखण्ड संख्या-04J	20 फिट रोड	60 फिट रोड

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द (राज.)
Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/7464 दिनांक : 12/06/2025

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्रीमती तरूणा शर्मा पत्नि प्रकाश शर्मा एवं श्री प्रकाश शर्मा पिता हरिश चन्द्र शर्मा नि. नई हवेली, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या -11 क्षेत्रफल- 1650 पावटी रोड श्रीनाथ कॉलोनी, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-10	अन्य आवासीय भूमि	30 फिट रोड़	भूखण्ड संख्या-04

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द (राज.)
Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/7470 दिनांक : 12/06/2025

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्रीमती निशा तापडिया पत्नि जगदीश चन्द्र एवं श्री मोहित तापडिया पिता जगदीश चन्द्र, निवासी-कर्मचारी कॉलोनी,नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या -28 क्षेत्रफल- 1060.50 श्री जी विहार, पावटी रोड श्रीनाथ कॉलोनी, नाथद्वारा	कृषि भूमि	40 फिट रोड़	भूखण्ड संख्या-27	भूखण्ड संख्या-29

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर परिषद राजसमन्द , जिला-राजसमन्द

क्रमांक : न.प.रा./2025/17 दिनांकः 11/06/2025

आपत्ती सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कालुलाल पिता श्री केवलराम खटीक निवासी पीपरड़ा तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा कार्यालय प्राधिकारी उपखण्ड अधिकारी राजसमन्द द्वारा प्रकरण संख्या रेवेन्यू/98/7 दिनांक 20.02.1998 को जारी राजस्व ग्राम देवपुरिया आराजी संख्या 3753/1 क वर्तमान आराजी संख्या 3753/3 हैक्टेयर में जारी पट्टा क्षैत्रफल 3440 वर्गमीटर का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ में से क्षैत्रफल 1690 वर्गमीटर का वाणिज्यिक पेट्रोल पम्प प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करवाना चाहते है। उक्त भू- उपयोग परिवर्तन करने में कोई आपत्ती हो तो 15 दिवस में अपनी आपत्ती लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त
नगर परिषद, राजसमन्द

जयपुर विकास प्राधिकरण

जयपुर की प्राईम लोकेशन जगतपुरा में

सेन्ट्रल स्पाईन योजना स्थित व्यावसायिक भूखण्ड एवं रामचन्द्रपुरा योजना स्थित संस्थानिक भूखण्ड

ई-नीलामी के माध्यम से खरीदने का सुनहरा अवसर



क्र. सं.	भूखण्ड संख्या	कॉर्नर हाँ/ना	साईज (वर्ग मीटर)	प्रकार	बी.ए.आर./एफ.ए.आर. अधिकतम ऊंचाई (मीटर) अधिकतम आच्छादित क्षेत्र	अमानत राशि (रुपये)	बोली प्रारम्भ करने की दर (प्रति व.मी.)	अमानत राशि जमा कराने की अंतिम तिथि व समय	नीलामी की अंतिम तिथि व समय
1	व्यावसायिक प्लॉट नं. A/NC/16 To A/NC/22 & A/NC/23 To A/NC/30 (Corner) Central Spine(Block-A), Jaipur (Zone-9)	हाँ	8570.11	व्यावसायिक	नियमानुसार	5,22,77,680	3,05,000	27.06.2025 11:00 AM	30.06.2025 12:30 PM
2	व्यावसायिक प्लॉट नं. A/NC/1, A/NC/ 45 & A/NC/46 (Corner), Central Spine (Block-A), Jaipur (Zone-9)	हाँ	2306.25	व्यावसायिक	नियमानुसार	1,45,29,380	3,15,000	01.07.2025 11:00 AM	02.07.2025 12:30 PM
3	व्यावसायिक प्लॉट नं. BC/17/S-23, Central Spine (Block-B), Jaipur (Zone-9)	हाँ	4985.19	व्यावसायिक	नियमानुसार	1,49,55,570	1,50,000	18.07.2025 11:00 AM	21.07.2025 12:30 PM
4	संस्थानिक प्लॉट नं. 10A, Ramchandrapura Scheme, Jaipur (Zone-9)	ना	1000.00	संस्थानिक	नियमानुसार	24,20,000	1,21,000	22.07.2025 11:00 AM	23.07.2025 12:30 PM

* अधिकतम ऊंचाई: एयरपोर्ट अथॉरिटी से प्राप्त एन.ओ.सी. के अनुसार, जो भी कम हो। बोली विस्तार: बोली लगाने का समय आगामी 5 मिनट के लिए और बढ़ाया जा सकता है (असीमित समय तक जब तक बोलियां लगातार प्राप्त होती रहें)। यदि इस विस्तारित अवधि के भीतर कोई बोली प्राप्त नहीं होती है, तो बोली स्वतः बंद हो जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कृपया जविप्रा वेबसाइट: www.jda.rajasthan.gov.in पर लॉग ऑन करें या ई-नीलामी लिंक पर या ओएसडी (आरएम) से संपर्क करें (0141-2570678, 2569696 एक्स.-7021,7226, 1128, मोबाइल नंबर 9462569696)

नीलामी के नियम व शर्तों के लिए विजिट करें ज.वि.प्रा. की वेबसाईट
www.jda.rajasthan.gov.in
Scan QR Code For More Details

अधिक जानकारी के लिए कॉल करें:
+91-9462 569 696

इंदिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

राज. संवाद/सी/2025-26/4307